गतिविधि 8. *'उ' की मात्रा के शब्दों को सही चित्र से मिलान करने के लिए कहें।*


Hindi Matra Worksheets

उ (ु) की मात्रा वाले शब्द

शब्द को उसके चित्र से मिलाओ

मधु

पुल

बटुआ

कछुआ

गुड़िया

Page - 01

गतिविधि 9. *कविता को अपने साथ दोहराने के लिए कहें। तथा याद करने को कहें। कविता को याद करने के बाद आप इस कविता से निम्न प्रश्नों के सही उत्तर लिखने के लिए कहें।*

- *बच्चे काले मेघा से क्या देने के लिए कह रहे हैं?*

  ....

- *पानी देने वाले बादल कैसे होते हैं?*

  ....

- *बारिश में कौन छमा–छम–छम नाचता है?*

  ....

- *पानी से क्या–क्या भर जाए?*

  ....

काले मेघा पानी दे

काले मेघा पानी दे
पानी दे गुड़धानी दे।
बरसो खूब झमा-झम-झम
नाचें मोर छमा-छम-छम।
खेतों से खलिहानों तक
पर्वत से मैदानों तक।
धरती को रंग धानी दे
काले मेघा पानी दे।।
भर दे सारे ताल-तलैया
गाएँ सब मिल छम्मक-छैया।
हमको नई कहानी दे
सबको दाना-पानी दे।

गतिविधि 10. *बच्चे चित्र में रंग भरें।*

अश्वनी कुमार (स०अ०)
रा०प्रा०वि० अकबरपुर फाजिलपुर
वि०क्षे०–रूड़की (हरिद्वार)

तकनीकी सहयोग
– रूम टू रीड इण्डिया ट्रस्ट

शिक्षा का अधिकार
समग्र शिक्षा
सबको शिक्षा, अच्छी शिक्षा

Room to Read

कक्षा– 2, वर्क शीट–6 (साप्ताहिक)

पाठ– 6 (बहुत हुआ)

बच्चे का नाम..........................	स्कूल..
अभिभावक का नाम..................	मोबाइल नम्बर..............................

अभिभावकों के लिए– हम आशा करते हैं कि आप या घर का कोई भी सदस्य इस वर्क शीट के कार्य को पूरा करने में बच्चे की मदद करेंगे।

गतिविधि 1. *दिए गए चित्र को देखकर बारिश में क्या–क्या होता है? इस विषय पर बच्चों से बातचीत करें। जैसे– चित्र में क्या–क्या दिख रहा है? चित्र में बच्चे कौन–कौन से काम कर रहे हैं? बारिश के समय आप क्या करते हैं? चित्र में दिखने वाली विभिन्न चीजों में से किन्हीं पाँच के लिखने के लिए कहें।*

....

....

....

....



गतिविधि 2. *बच्चों से अलग–अलग मौसम में होने वाली? घटनाओं के बारे में बात कर जिस मौसम में ऐसा होता है, उस तक रेखा खींचने के लिए कहें।*

सर्दी	पसीना आना
गर्मी	बादल घिरना
वर्षा	आग तापना
	पानी बरसना
	स्वेटर पहनना
	पंखा चलाना

गतिविधि 3. *नीचे दी गई कविता को अपने साथ बच्चे को गाने के लिए कहें तथा शब्दों के सही उच्चरण पर ध्यान देने के लिए कहें।*

6. बहुत हुआ

बादल भइया
बहुत हुआ!
कीचड़–कीचड़
पानी पानी

याद सभी को
आई नानी
सारा घर
दिन रात चुआ

जाएँ कहाँ
कहाँ पर खेलें?
घर में फँसे
बोरियत झेलें
ज्यों पिंजरे में
मौन सुआ

सूरज दादा
धूप खिलाएँ
ताल नदी
सड़कों से जाएँ
तुम भी भैया
करो दुआ!

34

2019-2020

गतिविधि 4. *बच्चो को कविता में आऐ विभिन्न शब्दों के अर्थ बताकर रेखा खिचतें हुए दाऐं और लिखें समान अर्थ वाले शब्दों से मिलान करने के लिए कहें।*

गतिविधि 5. *बच्चे छोटी–छोटी कविताओं को सुनकर उन पर शानदार अभिनय करते हैं इसी क्रम में निम्न एक छोटी सी कविता को अभिनय के साथ बोलने के लिए कहें।*



गतिविधि 6. *ऐसे शब्द जिनका अन्तिम वर्ण समान होता हैं उन्हे तुकान्त शब्द कहते है जैसे– पानी–रानी, काम–नाम आदि। इस कविता में भी कुछ तुकान्त शब्द हैं। आप कविता का पठन कराने के बाद बच्चों से निम्न शब्दों के तुकान्त शब्द लिखने के लिए कहें।*
इन शब्दों के अतिरिक्त आप अन्य ऐसे शब्द देकर बच्चों से उनके तुकान्त शब्द लिखने के लिए कह सकते हैं।

पानी..
झेलें..
हुआ..
खिलायें...

गतिविधि 7. *निम्न शब्दों की सहायता से बच्चों को वर्ण 'उ' की मात्रा की पुर्नावृत्ति कराएं तथा बच्चों को ऐसे शब्द बोलने के लिए कहें जिनमें 'उ' की मात्रा का उच्चारण होता है। इस कार्य के बाद निम्न शब्दों को कॉपी में लिखने के लिए कहें।*